CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 234 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 16 फरवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## कभी 'SP', कभी 'SHO' बनकर ठगी, आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

### राजकॉप से FIR डाउनलोड कर सैकड़ों लोगों को बनाया निशाना, दो दिन जंगल कैंपिंग के बाद हुई कार्रवाई

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

पुलिस अधिकारी बनकर लोगों को कार्रवाई और न्याय दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले शातिर साइबर आरोपी को साइबर सेल व रायला थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मध्यप्रदेश-उत्तरप्रदेश बॉर्डर से गिरफ्तार किया है। आरोपी राजकॉप सिटिजन एप सहित विभिन्न राज्यों की ऑनलाइन सिटीजन सर्विस वेबसाइट से ख्रद्धक्र डाउनलोड कर प्रार्थियों के मोबाइल नंबर निकालता और स्वयं को कभी 'एसपी भीलवाड़ा' तो कभी 'एसएचओ' बताकर पैसों की मांग करता था।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में दो दिन तक जंगल क्षेत्र में कैंप कर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। तकनीकी विश्लेषण, कॉल डिटेल रिकॉर्ड व डिजिटल ट्रैकिंग के आधार पर आरोपी की लोकेशन महेबा चक्र-2, लिधौरा, मध्यप्रदेश में चिन्हित की गई। स्थानीय पुलिस चौकी जेवर, थाना चन्देरा के सहयोग से आरोपी सत्येन्द्र सिंह उर्फ देशपत यादव (26) को डिटेन कर गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया की प्रकरण की शुरुआत प्रार्थी जगदीश प्रसाद चौधरी निवासी रामकरण जी का खेड़ा, रायला की रिपोर्ट से हुई। उन्हें एक अज्ञात कॉल आया, जिसमें कॉलर ने स्वयं को 'एसपी भीलवाड़ा' बताते हुए मांडल थाना में दर्ज ख्रद्धक्र में बयान नहीं देने व थाने नहीं आने के लिए कहा और न्याय दिलाने के नाम पर पैसों की मांग की। 15 फरवरी को रायला थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी फर्जी मोबाइल नंबर से राजकॉप सिटिजन एप पर लॉगिन कर विभिन्न थानों की ख्रद्धक्र कॉपी डाउनलोड करता था। ख्रद्धक्र में दर्ज मोबाइल नंबरों पर संपर्क कर कार्रवाई कराने या रोकने का भय दिखाकर ऑनलाइन माध्यम/त्तक्र कोड से राशि ट्रांसफर करवाने का प्रयास करता था। जांच में सामने आया कि राजस्थान में सैकड़ों लोगों से ठगी या ठगी का प्रयास किया गया, जबकि भीलवाड़ा जिले में ही 40 से अधिक लोगों को निशाना बनाया गया।



कार्रवाई में साइबर टीम के आशीष कुमार, एएसआई साइबर सेल , कांस्टेबल समरथ आचार्य, छोटू रेबारी ,पुलिस थाना रायला टीम से मूलचंद वर्मा, पुलिस निरीक्षक व थानाधिकारी, मुकेश कुमार, एएसआई , श्याम सुन्दर कांस्टेबल का विशेष सहयोग रहा ।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने आमजन से अपील की है कि साइबर अपराधी नए-नए तरीकों से ठगी का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस अधिकारी के नाम से आने वाले किसी भी कॉल पर विश्वास न करें और न्याय या कार्रवाई के नाम पर किसी को भी राशि न दें। संदिग्ध कॉल या मैसेज की तुरंत सूचना 1930 साइबर हेल्पलाइन या नजदीकी पुलिस थाने में दें।

## मिर्च पाउडर डालकर लूट के मामले में पुलिस ने जेवरात सहित एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

करेड़ा थाना पुलिस ने क्षेत्र में 9 फरवरी को हुई लूट की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है तथा एक बालक को निरुद्ध किया है। पुलिस ने लूटे गए सोने के जेवरात बरामद कर घटना में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त कर लिया है। पुलिस ने कार्रवाई थाना प्रभारी पुरणमल मीणा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया की घीसीदेवी (65) निवासी अमरपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 9 फरवरी को दोपहर करीब 12 बजे वह अपने पुत्र के साथ मोटरसाइकिल से खेत जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से आई सफेद रंग की मारुति कार ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे वे नीचे गिर गईं। इसके बाद कार से उतरे एक युवक ने उसकी आंखों में मिर्च पाउडर डालकर पहने हुए सोने की नथ व बाली करीब डेढ़ तोला लूट ली और मौके से फरार हो गया। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल व आसपास के मार्गों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी की तथा पूर्व में संपत्ति संबंधी अपराधों में लिप्त अपराधियों की गतिविधियों की जांच की। मोबाइल नंबरों की सीडीआर का विश्लेषण करने के बाद पुलिस ने आरोपी श्रवण लाल बलाई (36) निवासी आमदला, करेड़ा को गिरफ्तार कर लिया तथा एक बालक को निरुद्ध किया। आरोपियों के कब्जे से लूटा गया माल बरामद कर लिया गया और वारदात में प्रयुक्त वाहन जब्त कर लिया गया। मामले में आगे की जांच जारी है।


## 14 ग्राम एमडीए सहित दो गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत करेड़ा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 14 ग्राम एमडीए बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 40 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मारुति वैगनार कार को भी जब्त कर लिया है।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी पुरणमल मीणा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई। रात्रि गश्त के दौरान टीम को कस्बा करेड़ा में चारभुजा कॉम्पलेक्स स्थित हॉडा शोरूम के सामने खड़ी एक संदिग्ध मारुति वैगनार कार दिखाई दी। तलाशी लेने पर वाहन से 14 ग्राम एमडीए बरामद हुआ, जिसे आरोपित अवैध रूप से अपने कब्जे में रखकर परिवहन कर रहे थे।

पुलिस ने मौके से प्रमोद माली (28) पुत्र गोपाल माली निवासी मोड का निम्बाहेड़ा आसीन्द तथा मुकेश तेली (26) पुत्र गजानंद तेली निवासी भगवानपुरा माण्डल को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।



" भीलवाड़ा फोकस" @ भीलवाड़ा/शहर के हरणी महादेव में आयोजित तीन दिवसीय मेले का विहंगम नजारा। - फोटो राजेश जीनगर

## महाशिवरात्रि पर तिलस्वां महादेव में उमड़ा आस्था का सैलाब

### सप्तदिवसीय मेले का विधायक गोपाल खंडेलवाल ने किया शुभारंभ, हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन







**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया / तिलस्वां।**

**नरेश धाकड़ / प्रेम शंकर धाकड़।**

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रसिद्ध शिवधाम तिलस्वां महादेव मंदिर में श्रद्धा, आस्था और उत्साह का विराट संगम देखने को मिला। हजारों श्रद्धालु दिनभर लंबी कतारों में खड़े होकर भगवान शिव के दर्शन करते रहे। पूरी रात मंदिर के पट खुले रहे और भक्त निरंतर जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक व पूजा-अर्चना करते रहे। मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गुंजायमान रहा। महाशिवरात्रि के साथ ही आयोजित सप्तदिवसीय विराट मेले का भव्य शुभारंभ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया। उन्होंने महादेव के दरबार में मत्था टेककर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं निरंतर विकास की कामना की। विधायक ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 'बर्तन बैंक' का भी उद्घाटन किया, जिससे सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों में आमजन को सीधा लाभ मिलेगा। अपने संबोधन में विधायक खंडेलवाल ने कहा कि तिलस्वां महादेव का यह मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक समरसता और एकता का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास जताया कि महादेव की कृपा से मांडलगढ़ क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

मेले और दर्शन व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के लिए प्रशासन एवं पुलिस बल मुस्तैद रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु जगह-जगह पेयजल और अल्पाहार की सेवा की व्यवस्था की गई। भीड़ के बावजूद मंदिर परिसर में अनुशासन और श्रद्धा का वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र कुमार बंजारा, जिला कार्यकारिणी सदस्य गोवर्धन वैष्णव, तहसीलदार ललित डीडवानिया, बीडीओ अशेष शर्मा, मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष रमेश चंद्र अहीर , वरिष्ठ नेता सत्यनारायण मेवाड़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज गोधा, मंडल उपाध्यक्ष शांति लाल जोशी, वरिष्ठ नेता जगदीश पुरी, संदीप सोनी (काछोला), श्याम अहीर, शक्ति केंद्र संयोजक गोपाल अहीर, तिलस्वां प्रशासक कैलाश रैगर, अनिल खटीक, बिट्ठल तिवारी सहित कई जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा।

मंदिर कमेटी के सचिव मांगीलाल धाकड़ ने बताया कि इस अवसर पर भगवान शिव का विशेष श्रृंगार आकर्षक फूलों की मालाओं से किया गया। शिवलिंग पर जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक के साथ विशेष महाआरती संपन्न हुई। अलसुबह से ही भक्तों का आगमन शुरू हो गया था और देर रात तक दर्शनार्थियों की कतार बनी रही।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com




BHILWARA FOCUS भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

## टायर फटने से पिकअप पलटी, बड़ा हादसा टला

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

करेड़ा-भीलवाड़ा मार्ग स्थित हाईवे 161 पर रविवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब खाकले से भरी पिकअप का अचानक टायर फटने से वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। गनीमत रही कि घटना के समय सामने से कोई वाहन नहीं आ रहा था, जिससे बड़ी टक्कर होने से बचाव हो गया।



जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन करेड़ा की ओर जा रहा था। रानी सती पेट्रोल पंप के समीप अचानक टायर फट गया, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और पिकअप असंतुलित होकर सड़क पर पलट गई। चालक की सूझबूझ से इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

## द्वारिका कॉलोनी में फाल्गुन उत्सव की धूम, चंग-धमाल पर झूमे श्रद्धालु

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

श्रीराम मण्डल सेवा संस्थान द्वारा द्वारिका कॉलोनी, पांसल रोड पर फाल्गुन उत्सव की शुरुआत की गई। संस्था अध्यक्ष शान्ति प्रकाश मोहता व आयोजक सुरेन्द्र सुथार ने राम दरबार के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



चंग पर सुंदरकाण्ड की चौपाइयां व होली की धमाल प्रस्तुत की गई। शेखावाटी के कलाकार राजपाल ढाका के नेतृत्व में बनवारी माली, प्रहलाद शर्मा, सुरेश चौधरी, लक्ष्मण सिंह शेखावत, वासुदेव चारण, यशवंत खटोड़, रामकुमार शर्मा व प्रताप चौधरी ने चंग वादन किया। गायक मंगलचंद मिश्रा, भंवर पारीक, किशन चौधरी, संजय पारीक, जयश पारीक, अभिषेक शर्मा, निलेश पारीक, पंकज पंचोली व लोकेश कुदाल ने होली की धमालों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। फूलों से होली खेली गई तथा कलाकारों ने सांग प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकेश वर्मा, हनुमान परिहार, चैन सिंह चौहान, सुरेश शर्मा, अमित पारीक, मोहन चौधरी, आशीष खेतान, लक्की सैनी व दिनेश लखोटिया का सहयोग रहा। अंत में अध्यक्ष मोहता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## एनएच-158 पर आमने-सामने भिड़ीं बाइकें, युवक की मौत, दो घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

बदनौर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 158 पर सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। हादसा पड़ासोली चौराहे के पास दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर से हुआ।

पुलिस ने बताया की मृतक की पहचान रामगढ़ के समीप नायकों का खेड़ा निवासी 19 वर्षीय सत्यनारायण नायक के रूप में हुई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

घायलों में इंद्रपुरा निवासी प्रभु लाल पुत्र सुवालाल नायक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भीलवाड़ा से उदयपुर रेफर किया गया। वही एक अन्य घायल उपचाररत है।

हादसे की सूचना मिलते ही बदनौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। फिलहाल पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## बिजोलिया क्षेत्र में गुरुदेव महेंद्र भट्ट का रहा प्रवास, भीलवाड़ा फोकस प्रोडकास्ट स्टूडियो पर दिया आशीर्वाद





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**रमेश गुर्जर ।** भट्टों का बामणिया स्थित पंचमुखी दरबार के गुरुदेव पंडित महेंद्र भट्ट का रविवार को बिजोलिया क्षेत्र में पावन प्रवास रहा। प्रवास के दौरान गुरुदेव विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पधारे, पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं को आशीर्वचन प्रदान किए।

इस अवसर पर गुरुदेव भीलवाड़ा फोकस समाचार पत्र द्वारा हाल ही में प्रारंभ किए गए पॉडकास्ट स्टूडियो में पधारे। उन्होंने स्टूडियो की गतिविधियों की जानकारी ली तथा भीलवाड़ा फोकस परिवार को आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान प्रबंधकीय टीम द्वारा गुरुदेव का स्वागत किया गया ।

इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय धाकड़, प्रेस ट्रस्ट अध्यक्ष श्याम विजय, एडवोकेट सुमित जोशी, निलेश सनाढ्य, भीलवाड़ा फोकस के प्रधान संपादक कपिल विजयवर्गीय, संवाददाता रमेश गुर्जर, शम्भू माली, कपिल राज सोनी, शैतान प्रजापत, अभिषेक शर्मा , नरेंद्र चावत, बृजेश तांगड़ एवं गौरव विजय उपस्थित रहे।

## पारोली क्षेत्र में विकास कार्यों की सौगात, विधायक मीणा ने किए शिलान्यास व लोकार्पण



**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**

क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को लेकर रविवार को पारोली क्षेत्र में कई विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। विधायक गोपीचंद मीणा ने विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेकर जन उपयोगी निर्माण कार्यों को जनता को समर्पित किया। विधायक मीणा पारोली में रेगर समाज के नवनिर्मित सामुदायिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह भवन सामाजिक, धार्मिक एवं पारिवारिक आयोजनों का केंद्र बनकर समाज की एकता और संगठन को सशक्त करेगा।

इसके बाद धनवाड़ा में सामुदायिक भवन एवं बाउंड्री निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। ग्राम फतेहपुर में महात्मा ज्योतिबा फुले भवन के लोकार्पण के साथ अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया गया।

ग्राम मीरानगर में नवनिर्मित सामुदायिक भवन, सीसी सड़क एवं ट्यूबवेल निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। साथ ही अन्य गांवों में भी विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पण्डेर में महाशिवरात्रि पर घोष संचलन, ग्रामवासियों ने की पुष्पवर्षा

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।**

महाशिवरात्रि के अवसर पर संघ द्वारा पण्डेर उपखण्ड केन्द्र पर घोष वादन संचलन का आयोजन किया गया। शताब्दी वर्ष के निमित्त प्रत्येक खंड केन्द्र पर सक्रिय घोष केन्द्र स्थापित करने एवं अधिकाधिक स्थानों पर घोष वादन बढ़ाने के लक्ष्य को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित हुआ।




शाहपुरा खण्ड महाविद्यालय विद्यार्थी प्रमुख शिव प्रकाश वैष्णव के नेतृत्व में घोष संचलन श्री बागवाले महादेव मंदिर परिसर से प्रारंभ हुआ। संचलन पाल वाले महादेव मंदिर एवं सदर बाजार से होते हुए श्री बजरंग वाटिका परिसर में सम्पन्न हुआ। इस दौरान ग्रामवासियों ने पुष्पवर्षा कर घोष वादकों का स्वागत किया तथा उत्साहवर्धन किया। आयोजन में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## गोपालेश्वर महादेव मंदिर में तीन दिवसीय महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

महाशिवरात्रि पर नगर के गोपालेश्वर महादेव मंदिर में तीन दिवसीय महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ। पहले दिन भक्तों ने विशेष दर्शन किए और भोलेनाथ के आकर्षक श्रृंगार ने सभी का मन मोह लिया। पूर्व संध्या पर मंदिर परिसर शिव भजनों से गूंज उठा। प्रख्यात भजन कलाकारों की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। रविवार सुबह 5 बजे भगवान शिव-पार्वती के महाअभिषेक के साथ पर्व की मुख्य शुरुआत हुई। शास्त्रोक्त विधि से चार पहर के विशेष अभिषेक और भव्य आरती आयोजित की जा रही है। सोमवार शाम 4:30 बजे मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के मुख्य मार्गों से होकर पुनः मंदिर पहुंचेगी। महोत्सव का समापन महाआरती एवं छप्पन भोग के साथ होगा। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से



अधिकाधिक सहभागिता की अपील की है।

## 50.68 ग्राम एमडीए के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, 5.70 लाख की खेप जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत डीएसटी एवं मांडल थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 50.68 ग्राम मेथीलीन डाईऑक्सी एम्फीटामाइन (एमडीए) जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 5 लाख 70 हजार रुपये आंकी गई है। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई है।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी रोहिताश्व सिंह व प्रभारी डीएसटी टीम के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा 14 फरवरी को डीएसटी से प्राप्त सूचना के आधार पर मांडल चौराहा से शाहपुरा तिराहा जाने वाली सर्विस रोड पर नाकाबंदी के दौरान की ।



नाकाबंदी के दौरान एचएफ डिलक्स मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्धों को रोककर तलाशी ली गई, जिनके कब्जे से 50.68 ग्राम एमडीए बरामद की गई। दोनों आरोपियों शिवराज जाट (40) निवासी बांसा का खेड़ा, बनेड़ा एवं सुरेश बलाई (37) निवासी सोलबिघा आरजिया, मांडल को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

## जन संवाद केंद्र पर जनसुनवाई, विधायक मीणा ने दिए समाधान के निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।**

विधायक जन संवाद केंद्र पर रविवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक गोपीचंद मीणा ने क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित व प्रभावी समाधान के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। इस दौरान भाजपा नेता किशोर शर्मा एवं भाजपा नगर अध्यक्ष महेंद्र खटीक भी मौजूद रहे।



विधायक मीणा ने कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की बात सीधे सुनना और समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता से जुड़े मामलों में लापरवाही न बरती जाए और शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए।




QUICK BITES

## बनकाखेड़ा में महाशिवरात्रि पूर्व संध्या पर विशाल भजन संध्या, श्रद्धालु झूमे

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**




कस्बे के निकटवर्ती बनकाखेड़ा गांव में महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर शनिवार रात विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भक्तिमय प्रस्तुतियां देकर माहौल को पूरी तरह शिवमय बना दिया।

समिति सदस्य कमलेश राव ने बताया कि नवयुवक मंडल शिवनगर एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से बनकाखेड़ा स्कूल मैदान में भव्य भजन संध्या आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत युवराज वैष्णव ककरोलिया घाटी ने गणपति वंदना एवं गुरु वंदना के साथ की। इसके बाद उन्होंने 'अब तो आजा रे नारायण थारो लेर घुडलो...' और 'काला पण गणा रुपाला सा कोटड़ी का श्याम...' जैसे लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति दी।

इसके पश्चात ओम धर्मावत ने 'भरम सब दूर बलिहारी जाऊं मारा सतगुरु ने...' तथा 'भोले को कैसे में मनाऊं रे मारा भोला ने माने...' सहित कई भक्तिमय भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों की प्रस्तुति पर श्रोता देर रात तक झूमते और नाचते नजर आए। इससे पूर्व शाम को शिवनगर बस स्टैंड से भगवान शंकर की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। भजन संध्या का आयोजन देर रात भोर तक चलता रहा।

## शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक, मंदिरों में गूंजे 'हर-हर महादेव'

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ।**



महाशिवरात्रि पर्व पर कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। आसान महादेव, राम डूंगरी महादेव, गाड़ा गुवा महादेव, त्रिवेणी संगम महादेव, गुप्तेश्वर महादेव एवं सीता का कुंड महादेव सहित क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों में शिवभक्तों ने जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की।

शिवरात्रि महोत्सव को लेकर मंदिरों को आकर्षक विद्युत सजावट से सजाया गया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया। श्रद्धालु दिनभर भगवान शिव के दर्शन के लिए कतारों में लगे रहे।

शिवरात्रि पर विभिन्न शिवालयों में रात्रि जागरण एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में 19 से सनातन मंगल महोत्सव, सुरक्षा तैयारियों का एसपी ने लिया जायजा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

धर्मनगरी भीलवाड़ा में हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में 19 से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले आठ दिवसीय सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह को लेकर पुलिस और प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं विशिष्टजनों /वीआईपी के आगमन की संभावना को देखते हुए सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव ने रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ आश्रम परिसर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं यातायात प्रबंधन का जायजा लिया। उन्होंने हरि शेवा उदासीन आश्रम परिसर, अग्रवाल उत्सव भवन, कथा स्थल, यज्ञशाला, हरि शेवा धर्मशाला तथा पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने स्पष्ट कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाएंगे तथा वाहनों की पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखा जाएगा।



इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन एवं आयोजन समिति के प्रशासनिक व्यवस्था प्रभारी रविन्द्र जाजू ने पुलिस अधिकारियों को महोत्सव की तैयारियों से अवगत कराया। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर एसपी सहित सभी अधिकारियों ने आश्रम स्थित हरि सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव के दर्शन कर पूजा-अर्चना भी की। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पारस जैन, सीओ सिटी सज्जन सिंह, सीओ यातायात मनीष कुमार, भीमगंज थानाधिकारी सुनील चौधरी, यातायात थाना प्रभारी बाबूलाल टेपन सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर संत मायाराम, संत गोविन्दराम, ब्रह्मचारी इन्द्रदेव, कुनाल, सिद्धार्थ, पंडित सत्यनारायण शर्मा तथा आयोजन समिति एवं विभिन्न सेवा समितियों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

**19 फरवरी से होगा शुभारंभ**

आठ दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ 19 फरवरी को सुबह 9 बजे श्रीमद् भागवत महापुराण कलश यात्रा से होगा। कलश यात्रा पोस्ट ऑफिस के सामने स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर पहुंचेगी। 19 से 25 फरवरी तक श्रीधाम वृंदावन के कथा व्यास डॉ. श्यामसुन्दर पाराशर के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा का वाचन होगा। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह 8 बजे से पंचकुण्डीय श्री विष्णु महायज्ञ, अष्टोत्तर शत (108) भागवत मूल पाठ, शतचंडी पाठ, अखण्ड श्रीमद् भगवद्गीता पाठ, श्रीरामचरितमानस पाठ, श्रीचंद सिद्धांत सागर पाठ एवं अखण्ड रामनाम संकीर्तन होंगे। काशी के यज्ञाचार्य कामेश्वरनाथ तिवारी के सानिध्य में यज्ञ संपादन एवं चारों वेदों के मूल पाठ का पारायण किया जाएगा।

**26 फरवरी को दीक्षा दान समारोह**


महोत्सव की पूर्व संध्या 25 फरवरी को भव्य संत दर्शन एवं सनातन शोभायात्रा निकाली जाएगी। समापन दिवस 26 फरवरी को सुबह 9 बजे विशाल पांडाल में दीक्षा दान समारोह एवं संत समागम आयोजित होगा, जिसमें ब्रह्मचारी इन्द्रदेव, कुनाल एवं सिद्धार्थ को विधिपूर्वक दीक्षा प्रदान की जाएगी। महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है, वहीं प्रशासन भी आयोजन को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संपन्न कराने के लिए पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है।

# गंगापुर-करेड़ा मेघा हाईवे पर रैम्प बने खतरा, झुमपुरा चौराहे पर बढ़ी चिंता

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

गंगापुर-करेड़ा मेघा हाईवे पर झुमपुरा चौराहे के पास सड़क सुरक्षा के नाम पर बनाए गए रैम्प अब वाहन चालकों के लिए खतरे का कारण बनते नजर आ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों और बस चालकों ने आरोप लगाया है कि पीडब्ल्यूडी द्वारा बिना आवश्यकता वाले स्थानों पर रैम्प बनाए गए हैं, जिससे सड़क व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार झुमपुरा चौराहे से करीब 500 मीटर आगे स्थित खतरनाक 'विकेट मोड़' पर आए



दिन छोटे-बड़े हादसे होते रहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर सुरक्षा के लिहाज से रैम्प या अन्य नियंत्रण उपाय जरूरी हैं, वहां कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इसके विपरीत सीधी और अपेक्षाकृत सुरक्षित सड़क पर अचानक बनाए गए रैम्प वाहन चालकों के लिए आफत बन गए हैं। बस चालकों में इस व्यवस्था को लेकर खासा रोष है। उनका कहना है कि तेज गति में अचानक सामने आने वाले रैम्प से वाहन का संतुलन बिगड़ सकता है, जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। यात्रियों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई जा रही है। स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द ही स्थल का पुनः सर्वे कर वास्तविक जरूरत वाले स्थानों पर ही सुरक्षा इंतजाम किए जाएं। उनका कहना है कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो भविष्य में किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

# ऊपरमाल आदर्श धाकड़ समाज के 27वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां शुरू, ओंकार लाल धाकड़ बने अध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

**(नरेश धाकड़)** ऊपरमाल आदर्श धाकड़ समाज के 27वें सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर रविवार को समाज कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से ओंकार लाल धाकड़ (गिरधरपुरा) को सम्मेलन अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सम्मेलन आगामी 26 अप्रैल को आयोजित होगा। इसी क्रम में आज दो जोड़ों का पंजीयन भी किया गया।



आदर्श धाकड़ विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में समाज अध्यक्ष मांगीलाल धाकड़ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में



भीलवाड़ा के पूर्व जिला प्रमुख इंजी. कन्हैयालाल धाकड़ को आजीवन संरक्षक बनाया गया। वहीं श्री धाकड़ महासभा की प्रदेश अध्यक्ष एवं विवेक सुषमा धाकड़ चैरिटेबल ट्रस्ट की चेयरमैन दीपशिखा धाकड़ को सम्मेलन संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। सम्मेलन के लिए राधेश्याम धाकड़ (थड़ौदा) को सचिव तथा एडवोकेट रामफूल (लक्ष्मीखेड़ा) एवं एडवोकेट लोकेश धाकड़ (थड़ौदा) को सह सचिव नियुक्त किया गया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों का समाज के गणमान्य नागरिकों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

उल्लेखनीय है कि विवाह समारोहों में होने वाले फिजूल खर्च को रोकने और समाज में सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 1998 में पूर्व जिला प्रमुख इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़ के प्रयासों से इस सामूहिक विवाह सम्मेलन की शुरुआत की गई थी। तब से यह आयोजन निरंतर जारी है और अन्य समाजों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना हुआ है। 26 अप्रैल को होने वाले 27वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर प्रत्येक रविवार को आदर्श धाकड़ विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें आवश्यक निर्णय लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।

# कहार समाज जागृति सम्मेलन में शिक्षा और नशामुक्ति पर जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**

थलकलां ग्राम पंचायत के रूपपुरा गांव में कहार समाज जागृति सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान कहार समाज विकास मंच के प्रदेशाध्यक्ष हरिनन्द कहार ने शिक्षा, आधुनिक खेती, पशुपालन में नवाचार और नशामुक्ति पर जोर देते हुए समाज को मुख्यधारा से जुड़ने का आह्वान किया।

अध्यक्षता करते हुए पूर्व उपप्रधान भैरूलाल जाट ने कहा कि शिक्षा से ही समाज का उत्थान संभव है। नन्दलाल गुर्जर ने परंपरागत कार्यों में नवाचार अपनाने की बात कही। छीतरलाल गुर्जर ने शिक्षा, राजनीति व आर्थिक क्षेत्र में



आगे बढ़ने का संदेश दिया। हरीश चौधरी ने युवाओं से पढ़ाई में आगे आने का आह्वान किया। सम्मेलन में घीसालाल गुर्जर, सीआर प्रतिनिधि हरीश चौधरी, भगवान कहार, देबीलाल कहार, श्यामलाल कहार, कालूलाल कहार, भैरु सिंह शेखावत, रामपाल कहार, मुकेश कहार, रामलाल कहार, विश्वामित्र तिवाड़ी, प्रभुलाल कहार, प्यारेलाल कहार, लादू दास वैष्णव, वार्डपंच शंकरलाल गुर्जर, चारभुजानाथ पुजारी घनश्याम पाराशर, ओमप्रकाश गुर्जर, घीसूलाल कहार, मिश्रीलाल कहार, कैलाश कहार, गोपाल कहार, धीरज सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सम्मेलन में रूपपुरा को स्वतंत्र राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग भी एक स्वर में उठाई गई।

## बीगोद में पक्षी घर का किया लोकार्पण

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**



महाशिवरात्रि के अवसर पर श्री चामुंडा माता जी मंदिर प्रांगण में स्वर्गीय धर्मचंद चौधरी की पुण्य स्मृति में पक्षी घर का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेविका लाड देवी चौधरी के करकमलों द्वारा किया गया, जबकि अध्यक्षता महेंद्र सिंह बापना ने की। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने स्वर्गीय धर्मचंद चौधरी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सामाजिक योगदान को याद किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# त्रिवेणी संगम पर शिवभक्ति की गूंज, शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

## भोलेनाथ की झांकी पर केसरिया पगड़ीधारी भक्तों ने की पुष्पवर्षा, महाआरती व रुद्राभिषेक सम्पन्न





**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद**

मेवाड़ की प्रयागराज कही जाने वाली भगवा नगरी त्रिवेणी संगम पर रविवार को महाशिवरात्रि महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। शिवरात्रि महोत्सव समिति एवं व्यापार मंडल त्रिवेणी चौराहा के संयुक्त तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, डीजे, घोड़े, मशक बाजा, रथ, अघोरी मंडली, ध्वज प्रदर्शन, महाकाल बैवाण, आदियोगी की प्रतिमा, अखंड हवन एवं मंसूरी ढोल विशेष आकर्षण रहे। भोलेनाथ की झांकी के साथ केसरिया पगड़ी पहने भक्त गुलाल और पुष्पवर्षा करते हुए चल रहे थे। मार्ग में आतिशबाजी से माहौल भक्तिमय हो उठा।





शोभायात्रा मेला ग्राउंड, सुमेरगढ़ रिसॉर्ट चौराहा, रिलायंस पेट्रोल पंप, त्रिवेणी चौराहा, जोजवा चौराहा और मंडी गांव होते हुए त्रिवेणी संगम पहुंची। यहां महाआरती एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया तथा श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी वितरित की गई।

त्रिवेणी संगम स्थित प्राचीन शिवलिंग का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर में विद्युत सजावट और भजन संध्या का भव्य आयोजन हुआ, जिससे वातावरण देर रात तक भक्तिमय बना रहा।

### आज लगेगा सौरत का मेला

सोमवार को त्रिवेणी संगम तट पर एक दिवसीय सौरत मेले का आयोजन होगा। मेले में डोलर-चकरी



झूले एवं विभिन्न दुकानों की स्थापना शुरू हो चुकी है। मेला स्थल पर रोशनी, पेयजल, पार्किंग एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की गई है। प्रशासन और आयोजन समिति द्वारा मेले को सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# अहिंसा सर्किल पर बढ़ती अव्यवस्था, शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शहर में एक ओर नगर निगम और नगर विकास न्यास (यूआईटी) द्वारा विभिन्न चौराहों और बाजारों में अस्थायी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है, वहीं दूसरी ओर कोटा बाईपास क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कोटा बाईपास पर मार्बल व्यवसाय



के साथ-साथ चाय की दुकानों और अन्य अस्थायी ढांचों के माध्यम से सड़क किनारे कब्जे बढ़ रहे हैं। वहीं एक डेयरी बूथ संचालक द्वारा पक्के निर्माण किए जाने की भी चर्चा है, जिससे अतिक्रमण की स्थिति और गंभीर होती नजर आ रही है।

इसी प्रकार अहिंसा सर्किल क्षेत्र में भी अतिक्रमण बढ़ने की शिकायतें सामने आई हैं। लोगो का कहना है कि उन्होंने संबंधित विभागों को शिकायतें दी हैं, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि शहर के सभी क्षेत्रों में समान रूप से कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाया जाए, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रहे और कानून व्यवस्था प्रभावित न हो।

## महाशिवरात्रि पर क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**भीलवाड़ा फोकस @ हमीरगढ़ ।**

**अनिल डांगी।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिलिया कलां में महाशिवरात्रि के अवसर पर युवा टीमों द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस आयोजन में गांव के युवाओं ने अलग-अलग टीमें बनाकर उत्साहपूर्वक क्रिकेट मुकाबले खेले। पूरे दिन मैदान में खेल और उमंग का माहौल बना रहा।

प्रतियोगिता के दौरान गांव के बच्चों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा खेल का भरपूर आनंद उठाया। वहीं गांव के वरिष्ठ नागरिकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धर्मराज गुर्जर उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया और युवाओं को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।

## जैन संगिनी भीलवाड़ा स्पार्क ने दूधाधारी मंदिर में फाग उत्सव मनाया



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जैन संगिनी भीलवाड़ा स्पार्क ने दूधाधारी मंदिर में फाग उत्सव मनाया, जिसमें फूलों के साथ होली खेली गई। संस्था की सचिव रविता जैन ने बताया कि फाग उत्सव बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। अध्यक्ष दीपा सिसोदिया ने सभी का स्वागत किया। सदस्यों ने डांस और गीतों के साथ उत्सव मनाया।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष मीरा चंडालिया, सुमन दुगड़, मीनू चांदीवाल, सुमन हिंगड़, रेशमा बाफना, पूनम जैन, मीनू जैन, संगीता सुराणा खुशबू चापलोत, शिल्पा चौधरी, मंजू पोखरना, मंजू खटवड़, रुचिका जैन, रीना मेडतवाल, रेनू चंडालिया, सपना सुराणा, संगीता जैन, कोमल सुतरिया, मोनी जैन, दिव्या बाबेल, मेघा सूर्य, नीलम चीपड़, प्रतीक्षा जैन, श्वेता डागा स्वाति जैन, मीनू जैन, अंकिता जैन, पूजा जैन, नविता दक परिधि जैन, प्रियंका बाटीया कहीं सदस्य मौजूद थी । मीडिया प्रभारी श्वेता जैन ने बताया कि यह आयोजन समाज में एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है।

# महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की रही भारी भीड़, दिनभर चला पूजन-अर्चन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**रमेश गुर्जर।** महाशिवरात्रि पर्व पर कस्बे के प्रमुख शिवालयों में आस्था का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ पड़ा। मंदाकिनी मंदिर, थानेश्वर महादेव, जागेश्वर महादेव, उत्तम शिखरेश्वर महादेव एवं उँडेश्वर महादेव सहित कई मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रही । तड़के से शुरू हुआ जल-अभिषेक, बिल्वपत्र अर्पण और पूजन-अर्चना का सिलसिला दिनभर चलता रहा। 'हर-हर महादेव' के जयघोष से पूरा कस्बा शिवमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

पर्व को लेकर मंदिरों में आकर्षक विद्युत



सज्जा एवं पुष्प सज्जा की गई, जिससे रात में शिवालयों की भव्य छटा देखने लायक रही।रात्रि में विभिन्न मंदिरों में जागरण और भजन संध्या के कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में लीन रहे।

## भव्य संगीतमय महाआरती का आयोजन आज, उमड़ेगा श्रद्धा का सैलाब


**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

मैढ क्षेत्रिय स्वर्णकार समाज द्वारा सोमवार को स्वर्णकार समाज के श्री शिव मंदिर प्रांगण में भव्य संगीतमय महाआरती का आयोजन किया जाएगा । स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष प्रभु लाल सोनी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शिव मंदिर प्रांगण में होने वाली भव्य संगीतमय महाआरती होगी। महाआरती सोमवार शाम 6 बजे से प्रारंभ होगी,

## QUICK BITES

## महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब, गूंजे ' नमः शिवाय' के जयकारे

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**



महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर रविवार को सवाईपुर क्षेत्र पूरी तरह शिवमय नजर आया। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं और दिनभर नमः शिवाय' के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

सवाईपुर कस्बे सहित आसपास के गांवों के शिवालयों में विशेष आयोजन हुए। श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और विविध अनुष्ठान कर भगवान शिव का आक, धतूरा, बिलपत्र व पुष्पों से आकर्षक श्रृंगार किया।

कई मंदिरों में रात्रि जागरण का आयोजन किया गया, जहां भजन-कीर्तन के साथ श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में लीन रहे।

पुजारी रवि शंकर श्रोत्रिय ने बताया कि सवाईपुर स्थित जूना गांव महादेव मंदिर में सहस्त्रधारा अभिषेक, विशेष पूजा-अर्चना और अनुष्ठान के साथ महादेव का भव्य श्रृंगार किया गया। पूरे दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही और क्षेत्र में श्रद्धा व उल्लास का वातावरण देखने को मिला।

## माजी साहब का खेड़ा मंडल के तत्वावधान में हिंदू सम्मेलन आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**



**रमेश गुर्जर।** गोपालपुरा गांव स्थित सामुदायिक भवन में माजी साहब का खेड़ा मंडल के तत्वावधान में हिंदू सम्मेलन के निमित्त विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ की गई। मुख्य वक्ता प्रकाश चंद्र ने सम्मेलन के उद्देश्य एवं हिंदू समाज की एकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम संयोजक पूजा जोशी ने महिलाओं एवं बच्चों के लिए संस्कार केंद्र खोलने तथा हिंदू संस्कृति और परंपराओं के पालन पर जोर दिया।

इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। कार्यक्रम के समापन पर भारत माता की आरती की गई। अंत में शांति लाल किराड़ ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में गांव के रघुनाथ महाराज, हजारीलाल कराड़, शिवलाल, धर्मराज, राधेश्याम, सत्तू, सुगनलाल, लोकेश, अंबालाल, भागीरथ, हंसराज, गोविंद, सांवरिया, दयाराम, दिलखुश सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बिजौलियां में 90वां शिवजयंती महोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया गया

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**



**मानव तिवाड़ी** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के मगर स्थित सेवाकेंद्र में 90वां शिवजयंती महोत्सव श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अमरनाथ एवं 12 ज्योतिर्लिंग की त्रिदिवसीय आकर्षक झांकी का आयोजन किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

कार्यक्रम के तहत महिलाओं द्वारा भगवान शिव की सामूहिक महाआरती की गई। सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी रचना ने नारी शक्ति को जागृत करते हुए कहा कि सनातन धर्म की नींव को मजबूत बनाना है तो प्रत्येक घर को पहले व्यसनमुक्त बनाना होगा।

शिवरात्रि के पावन अवसर पर शिवबाबा का ध्वज भी लहराया गया तथा उपस्थित सभी लोगों को संकल्प दिलाया गया कि वे भारत को व्यसनमुक्त बनाने में अपना सहयोग देंगे। श्रद्धालुओं ने प्रतीकात्मक रूप से अपने व्यसनों को शिवजी को अर्पित कर उन्हें त्यागने का संकल्प लिया।

## भांडावास-सदारा के मध्य स्थित झरनेश्वर धाम बना शिवमय

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर ।**





महाशिवरात्रि के अवसर पर खारी नदी तट स्थित झरनेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। तड़के से देर रात तक ' नमः शिवाय' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष गूंजते रहे। भक्तों ने शिवलिंग पर जल, बिल्वपत्र व पुष्प अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की।शनिवार शाम 108 वाद्य यंत्रों के साथ भव्य महाआरती आयोजित हुई, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। रात्रि में आयोजित भजन संध्या में विभिन्न कलाकारों ने प्रस्तुतियां दीं, जिन पर श्रद्धालु झूम उठे। रविवार को मंदिर परिसर के बाहर एक दिवसीय हाट बाजार भी सजा, जहां ग्रामीणों की भीड़ रही।

मंदिर की विशेषता शिवलिंग के ऊपर बनी छतरी से वर्षभर बहने वाली जलधारा है, जिसे श्रद्धालु चमत्कारिक मानते हैं। जनश्रुति के अनुसार, सामूहिक पूजा-अर्चना के बाद यहां पुनः निर्मल जलधारा प्रवाहित होने लगी, जिससे आस्था और भी गहरी हो गई।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।